



## नो वे होम ने मचाया धमाल, ओपनिंग डे पर टूटा सूर्यवंशी का रेकॉर्ड

भारतीय सिनेमा के सुस्त पड़े बॉक्स ऑफिस पर हॉलिवुड फिल्म स्पाइडर–मैनः नो वे होम ने एक बार फिर हलचल मचा दी है। गुरुवार को रिलीज हुई इस फिल्म की रेकॉर्डतोड़ अडवांस बुकिंग हुई थी। अब यह भारत में पहले दिन सबसे ज्यादा बिजनस करने वाली हॉलिवुड फिल्मों में दूसरे नंबर पर आ चुकी है। फिल्म की कमाई देखकर ऐसा लगता है कि वीकेंड में इसका बिजनस और ज्यादा बढ़ने वाला है। बॉक्सऑफिस इंडिया डॉट कॉम की रिपोर्ट की मानें तो श्स्पाइडर–मैनश ने पहले दिन कुल 33 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई है। अवेंजरः एंडगेम के बाद यह पहले दिन सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हॉलिवुड फिल्म में शुमार हो गई है। अवेंजसः एंडगेम ने अपने ओपनिंग डे पर इंडिया में 53 करोड़ रुपये की जोरदार कमाई की थी। कोरोना वायरस लॉकडाउन खुलने के बाद स्पाइडर–मैनः नो वे होमश पहले दिन सबसे ज्यादा बिजनस करने वाली फिल्म भी बन गई है। अक्षय कुमार की सूर्यवंशी की पहले दिन की कमाई भी इससे कम कुल 26.50 करोड़ रुपये रही थी। अभी फिल्म की वीकेंड पर पहले ही 35 करोड़ रुपये के लगभग की अडवांस बुकिंग हो चुकी है।

## रश्मि और अभिजीत से हुई भयंकर लड़ाई, देवोलीना ने कहा– चप्पल उठाकर मारूंगी

कहते हैं कि दोस्ती जितनी गहरी होती है, दुश्मनी भी उतनी गहरी होती है। कुछ ऐसा ही बिग बॉस 15 की वाइल्डकार्ड कंटेस्टेंट देवोलीना और रश्मि देसाई के बीच देखने को मिल रहा है। सीजन 13 से शुरू हुई दोनों की दोस्ती, इस शो में बुरी तरह बिखर गई है। दोनों के बीच आए दिन किसी–न–किसी मुद्दे को लेकर लड़ाई हो रही है। आने वाले एपिसोड में जेल भेजने के लिए होने वाले टास्क में भी दोनों बुरी तरह भिड़ गए। दरअसल, बिग बॉस ने कोई टास्क दिया था, जिसमें घरवालों को किसी एक सदस्य का नाम लेना था, जो जेल जाएगा। इस पर ज्यादातर लोगों ने देवोलीना का नाम लिया और उसका कारण भी बताया। अभिजीत बिचकुले ने भी देवो का नाम लेते हुए कहा कि वह उनकी दोस्ती पर खरी नहीं उतरीं। गुस्से में उन्होंने बिचकुले को जवाब से कहा, चप्पल उठाकर मारूंगी, याद रखना। इसके बाद देवोलीना रश्मि देसाई से कहती हैं, तुझे हर सीजन में कोई न कोई टट्टू चाहिए। तूने जो यहां स्टेमेंट दिया है, अगर वह बाहर देती, तो तुझे एक लाफा मारती।

## कुंडली भाग्य की ऐक्ट्रेस मानसी श्रीवास्तव करने वाली हैं शादी



कुंडली भाग्य की ऐक्ट्रेस मानसी श्रीवास्तव शादी करने जा रही हैं। मानसी अपने बॉयफ्रेंड कपिल तेजवानी से 22 जनवरी 2022 के दिन शादी करने जा रही हैं। टीवी ऐक्ट्रेस मानसी श्रीवास्तव पिछले काफी समय से फूड ऐंड ट्रैवल फटॉग्रफर कपिल तेजवानी को डेट कर रही हैं। अब यह कपल अगले महीने शादी करने की तैयारी कर रहा है। पहले कहा जा रहा था कि यह कपल 2022 की जनवरी के बीच में कभी शादी के बंधन में बंध सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक इनकी शादी 22 जनवरी को होने जा रही है। कुंडली भाग्य ऐक्ट्रेस मानसी के एक नजदीकी सूत्र ने बताया है कि उनकी शादी की रस्में 21 जनवरी से शुरू हो जाएगी। मानसी ने पहले ही शादी की तैयारियां शुरू कर दी हैं। मानसी और कपिल की यह शादी मुंबई में ही होगी। इससे पहले नवबंर के महीने में मानसी की शादी और उनकी पूरी लव स्टोरी के बारे में बताया था। एक सूत्र ने बताया था, मानसी और कपिल की मुलाकात सालों पहले एक कमर्शल शूट के दौरान हुई थी लेकिन दोनों के बीच कोई संपर्क नहीं रहा। 7 साल बाद दोनों फिर से मिले और 2019 से दोनों एक–दूसरे को डेट कर रहे हैं। यह पहली नजर का प्यार नहीं था बल्कि दोनों ने काफी समय में एक–दूसरे को समझा है।

# ससुराल वालों का दिल जीतने में जुटीं कटरीना कैफ

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*कटरीना कैफ अपने ससुराल वालों को फिलहाल अपना कुकिंग टैलेंट शादी के बाद अपने घरवालों के लिए सूजी का हलवा बनाया है। कटरीना ने बालकनी से यह तस्वीर शेयर कर कहा– मैंने बनाया। कटरीना कैफ शादी के बाद फिलहास ससुराल में अपने नए परिवार के साथ खूबसूरत पलों को इंजॉय कर रही हैं। कटरीना कैफ ने शादी के बाद सूजी का हलवा बनाया है, जिसकी तस्वीर भी उन्होंने अपने फैन्स को दिखाई है। कटरीना कैफ ने अपनी बालकनी से यह तस्वीर शेयर कर कहा है– मैंने बनाया।*

कटरीना कैफ इस वक्त अपनी शादीशुदा लाइफ को इंजॉय कर रही हैं और इसी की झलक उन्होंने फैन्स को भी दिखाई है। कटरीना कैफ ने अपने इंस्टा स्टोरी पर खुद से बनाए हलवे की तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में उनके हाथ में रखे कटोरे में हलवा दिख रहा है, जो काफी यमी नजर आ रहा है। इस तस्वीर में कटरीना के हाथों में मेहंदी भी लगी दिख रही है।
इस तस्वीर के साथ कटरीना ने एक छोटा सा कैप्शन लिखा है, मैंने बनाया। इसी फोटो के नीचे लिखा है– चौका चरधाना।




इस फोटो से साफ है कि कटरीना अपने ससुराल वालों को अपना कुकिंग स्किल्स भी खूब दिखा रही हैं।
कटरीना कैफ और विक्की कौशल ने 9 दिसम्बर को राजस्थान में शादी रचाई, जिसके बाद वे प्राइवेट हेलिकॉप्टर से हनीमून पर निकल गए थे। शादी के चार दिनों के बाद वे मुंबई वापस लौटे और विक्की कौशल कटरीना को लेकर अपने अंधेरी वाले उस घर पर पहुंचे जहां वह शादी से पहले अपनी फैमिली के साथ रह रहे थे।
बताया गया है कि विक्की कौशल और कटरीना जल्द ही अपने जुहू वाले घर में शिफ्ट होनेवाले हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, विक्की कौशल इस नए घर के लिए 8 करोड़ रुपये खर्च करने वाले हैं। चर्चा यह भी है कि विक्की ने इस घर के लिए 5 साल का कॉन्ट्रैक्ट किया है, जिसके लिए 1.75 करोड़ रुपये सिक्यॉरिटी डिपॉजिट किया है।

# शर्मनाक बातें लिखने वालों से कहा, देख लो ये हूं मैं

*कौन बनेगा करोड़पति में अमिताभ बच्चन के साथ हॉट सीट पर नजर आईं नीना गुप्ता ने कहा– जब मैं मुंबई आई थी तो मेरे बारे में अपमानजनक बातें लिखी गईं। कौन बनेगा करोड़पति में शुक्रवार की रात अमिताभ बच्चन के साथ हॉट सीट पर नजर आनेवाले हैं बधाई हो ऐक्टर्स नीना गुप्ता और गजराज राव पहुंच रहे हैं। फिल्मी दुनिया के ये शानदार कलाकार आज की रात मंच पर एंटरटेनमेंट का जमकर तड़का लगाने वाले हैं। इस शो पर आने से पहले दोनों काफी नर्वस भी थे जिसका खुलासा उन्होंने खुद किया है।*




गजराज राव और नीना गुप्ता ने फिल्म बधाई हो को लेकर कुछ बातें कही हैं। नीना गुप्ता ने बताया कि पहली ही बार में उन्हें इस फिल्म की स्क्रिप्ट कितनी पसंद आई थी। नीना ने बताया कि उन्हें यह स्क्रिप्ट काफी पसंद आई थी, लेकिन करीब एक वीक या 10 दिन तक कोई कॉल बैक नहीं आया। इसके बाद उन्हें डायरेक्टर अमित शर्मा के ऑफिस में बुलाया गया। इसके बाद उनसे कहा गया कि चूंकि उनका किरदार मिडस क्लास फैमिली से है इसलिए उन्हें सलवार कमीज पहनने को कहा गया। उनसे नॉर्मल सलवार कमीज पहनने को कहा गया, उन्हें कमीज तो मिल गई और उन्होंने पहन लिया लेकिन उनके पास नॉर्मल सलवार नहीं थी। नीना ने बोला, मुझे समझ नहीं आ रहा था कि मैं क्या करूं। फिर मैंने अपने घर में काम करने वाली कुक की सलवार पहनी क्योंकि ये नॉर्मल और सिंपल वाइट कलर में थी। इसी शो में नीना से अमिताभ बच्चन ने पूछा कि उन्होंने अपनी ऑटोबायॉग्रफी सच कहूं तो लिखने का फैसला क्यों लिया। नीना ने बताया कि इसके पीछे मुख्य वजह यह थी कि उनके पैरेंट्स और क्लोज फैमिली मेंबर्स अब इस दुनिया में नहीं रहे, वे अगर जिंदा होते तो शायद वह कभी न लिखतीं। इसके अलावा लॉकडाउन के दौरान वह अपने घर में रहीं और इसे पूरा करने का अच्छा वक्त मिला। उन्हें लगा कि वह उन पलों को लेकर एक किताब लिख सकती हैं, क्योंकि मुंबई पहुंचने के बाद उनके लिए केवल शर्मनाक, गलत और अपमानजनक बातें लिखी गई थीं। मुझे लगा कि यह सही वक्त है यह बताने का कि मैं कौन थी।